CLASS XII : HINDI : Term II (Board Final) : 2022 : Marks 40

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

I. **बहुवैकल्पिक प्रश्न :-** 1x10

1. 'आत्मपरिचय' कविता किसकी रचना हैं ?
   (क) हरिवंश राय बच्चन (ख) आलोक धन्वा (ग) कुंवरनारायण (घ) रघुवीर सहाय
2. 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई ?
   (क) कमजोर (ख) दृढ़ (ग) संवेदनशील (घ) समर्थ
3. 'काले मेघा पानी दे' पाठ के लेखक का नाम क्या है ?
   (क) जैनेन्द्र कुमार (ख) महादेवी वर्मा (ग) रघुवीर सहाय (घ) धर्मवीर भारती
4. 'काले मेघा पानी दे' में लेखक ने किस भाषा का प्रयोग किया हैं ?
   (क) साहित्यिक ब्रज भाषा (ख) सामान्य बोलचाल की भाषा
   (ग) साहित्यिक हिन्दी भाषा (घ) उर्दू प्रधान हिन्दी भाषा
5. आधुनिक सभ्य समाज कार्य कुशलता के लिए किसे आवश्यक मानता हैं ?
   (क) श्रम-विभाजन (ख) धन-विभाजन (ग) जन-विभाजन (घ) जाति-विभाजन
6. कबीर की भाषा कौन-सी थी ?
   (क) ब्रज (ख) खड़ी बोली (ग) कन्नौजी (घ) सधुक्कड़ी
7. हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ निबंधकार कौन है ?
   (क) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ख) आचार्य नंददुलारे वाजपेवी
   (ग) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (घ) भारतेन्दु हरिशचन्द्र
8. 'रस' का सर्वप्रथम शास्त्रीय विवेचन किसने किया ?
   (क) भट्टलोल्लटट (ख) भरतमुनि (ग) शंकुक (घ) राजशेखर
9. जहाँ एक ही शब्द के अनेक अर्थ हो वहाँ कौन-सा अलंकार है ?
   (क) यमक (ख) श्लेष (ग) उत्प्रेक्षा (घ) रूपक
10. 'दोहा' किस प्रकार का छंद है ?
   (क) सम (ख) विषम (ग) अर्द्धसम (घ) इनमें से कोई नहीं

II. **अति लघुत्तरीय प्रश्न :-** 1x20

11. 'आत्मपरिचय' कविता में कवि किसका भार लिए फिरता हैं ?
12. कवि अपने जीवन में क्या लेकर घूमता हैं ?
13. 'साँसों के तारो को' किसने छुआ होगा ?
14. 'सहर्ष स्वीकारा हैं' कविता किसकी रचना है ?
15. 'सहर्ष स्वीकारा हैं' कविता में कवि कहाँ लापता होना चाहता हैं ?
16. 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?
17. जेठ के बाद कौन माह आता है ?
18. 'वर्षा का देवता' कौन माना गया है ?
19. 'मूक नायक' क्या है ?
20. श्रम-विभाजन और जाति-प्रथा के लेखक कौन है ?

21. निर्गुण मार्गी धारा के एक-छत्र सम्राट कौन है?
22. भक्ति काव्य का मूल कथ्य क्या है ?
23. 'साखी' किस संत कवि की काव्य-रचना का रूप हैं ?
24. कृष्ण काव्यधारा के प्रवर्त्तक कौन है ?
25. रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ?
26. छन्दशास्त्र के आदि आचार्य कौन है ?
27. श्रृंगार रस के कितने भेद माने गए है ?
28. अलंकार के कितने भेद है ?
29. अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण दीजिए ।
30. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्वों को क्या कहा जाता हैं ?

III. **लघुत्तरीव प्रश्न :-** 2x5

31. ''मैं जग-जीवन का भार लिए फिरता हूँ ।
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ ।।
कवि तथा कविता का नाम बताइए।
32. ''जाने क्या रिश्ता है,जाने क्या नाता है।
जितना भी उड़ेलता हूँ, भर-भर फिर आता हैं।।''
संदर्भ और प्रसंग लिखिए।
33. जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया ?
34. निर्गुण और सगुण धारा के प्रमुख दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
35. यमक और श्लेष अलंकार को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

=========